प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 15.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 15.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





# महोबा पुलिस



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा के द्वारा गठित की गई उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम मय हमराह कां0 अंकित कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 11/25 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 3/4(2) पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रवि प्रजापति पुत्र भागवली प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी बरबई थाना कबरई जनपद महोबा को बरबई बस स्टाप थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

रवि प्रजापति पुत्र भागवली प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी बरबई थाना कबरई जिला महोबा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम
2. कां0 अंकित कुमार पटेल



## थाना कबरई की संयुक्त पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 11 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 15.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम ने ग्राम धरौन के पास सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तों से हारजीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.अमित कुशवाहा पुत्र कमलेश उम्र 20 वर्ष 2.महेन्द्र कुशवाहा पुत्र जयकरन कुशवाहा उम्र 32 वर्ष 3.अरविन्द कुमार कुशवाहा पुत्र भजनलाल कुशवाहा उम्र 26 वर्ष 4.गोविन्द कुशवाहा पुत्र राजू कुशवाहा उम्र 27 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम धरौन थाना कबरई जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामा तलाशी 700 रुपये, माल फड 1100 रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद होने पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 18/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

इसी क्रम में उ0नि0 अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने माँ भद्रकाली डिग्री कालेज के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 07 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.राजेन्द्र पुत्र बाबूलाल कुशवाहा उम्र 32 वर्ष 2.प्रेमबाबू पुत्र सीताराम कुशवाहा उम्र 22 वर्ष 3.गयादीन पुत्र रामभरोसे कुशवाहा उम्र 35 वर्ष 4.दीनदयाल पुत्र रामविशाल कुशवाहा उम्र 29 वर्ष 5.करन पुत्र हजारी कुशवाहा उम्र 44 वर्ष 6.गजेन्द्र पुत्र बाबूलाल कुशवाहा उम्र 39 वर्ष समस्त निवासीगण मो0 राजीव नगर थाना कबरई जनपद महोबा व 7.कमलेश पुत्र कल्लू कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी जवाहर नगर थाना कबरई जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामा तलाशी 990 रुपये, मालफड 1370 रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद होने पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 19/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली प्रथम पुलिस टीम -

1. उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम
2. म0उ0नि0 एकता भदौरिया
3. कां0 अंकित कुमार पटेल




### गिरफ्तार करने वाली द्वितीय पुलिस टीम -

1. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
2. हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद
3. हे0कां0 रामकरन सिंह
4. कां0 शैलेन्द्र सिंह



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र/कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज द्वारा दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के निर्माण पर प्रभावी रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 15.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सनय कुमार मय हमराह कां0 जयदीप पटेल व कां0 वीरेश्वर दत्त मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त रामजी यादव पुत्र बसंत राम यादव उम्र 36 वर्ष निवासी मो0 अमरगंज थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए मो0 रामनगर कस्बा चरखारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 10/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रामजी यादव पुत्र बसंत राम यादव उम्र 36 वर्ष निवासी मो0 अमरगंज थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सनय कुमार चौकी प्रभारी कस्बा
2. कां0 जयदीप पटेल
3. कां0 वीरेश्वर दत्त मिश्र

